# उद्योग जगत की पहली पसंद उत्तर प्रदेश

## देश-विदेश से अब तक ₹12 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले



उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संकल्प अभूतपूर्व सफलता की ओर अग्रसर है। फरवरी में होने जा रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले ही प्रदेश में भारी भरकम निवेश का रास्ता साफ हो गया है। अब तक 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव यूपी को मिल चुके हैं। देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई में दिग्गज उद्योगपतियों के साथ हुई मुख्यमंत्री की वार्ता में 05 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव मिल गए हैं। वहीं 16 देशों की यात्रा पर गई टीम यूपी 7.12 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव पहले ही ला चुकी है। दो दिनी मुंबई दौरे के दौरान मुख्यमंत्री के साथ रिलायंस, टाटा संस, अडानी, गोदरेज, बिरला, पिरामल, वेदांता, पार्ले, हिंदुजा, लोढ़ा और रैमकी सहित दो दर्जन से अधिक उद्योगपतियों ने मुलाकात कर निवेश की इच्छा जतायी।

### अम्बानी, अडानी जैसे बड़े उद्योग समूह यूपी में करेंगे निवेश

रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुखिया मुकेश अम्बानी ने पूरे यूपी में 5जी इंटरनेट कनेक्टिविटी पहुंचाने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से उत्तर प्रदेश के गांवों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने सहित इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग और ग्रीन एनर्जी सेक्टर में निवेश का प्रस्ताव दिया है।

मुख्यमंत्री के साथ विशेष मुलाकात में अडानी समूह के करन अडानी ने वेयरहाउसिंग व लॉजिस्टिक्स सेक्टर में बड़े निवेश की कार्ययोजना पर चर्चा की तो 07 अलग-अलग स्थानों पर सीमेंट की इकाइयां लगाने पर भी विमर्श हुआ। करन अडानी ने मुख्यमंत्री योगी की औद्योगिक नीतियों की प्रशंसा करते हुए लखनऊ एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की योजना पर चर्चा की। उन्होंने यूपी डिफेंस कॉरिडोर में ब्राजील के बाद दुनिया का सबसे बड़ा एम्यूनिशन हब बनाने की कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा की। यूपी के हर जिले में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की नीति से खासे प्रभावित करन अडानी ने बलिया और श्रावस्ती में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना का प्रस्ताव रखा। इसके अलावा, साइलोज, स्मार्ट मीटर मैन्युफैक्चरिंग में भी अडानी समूह निवेश करेगा। उद्योग जगत के लिए कुशल मानव संसाधन की जरूरत बताते हुए करन अडानी ने नोएडा में 10 हजार युवाओं की क्षमता वाला कौशल विकास केंद्र स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा।

### टाटा ग्रुप यूपी में एयर इंडिया का करेगा विस्तार

मुम्बई दौरे के दौरान टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व की चर्चा करते हुए यूपी में आध्यात्मिक सर्किट की विकास योजना पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया की उड़ान सेवा बहुत जल्द यूपी के सभी एयरपोर्ट्स पर उपलब्ध होगी, साथ ही सभी आध्यात्मिक महत्व वाले स्थलों पर होटल भी स्थापित करेगा। टाटा ग्रुप, पॉवर, हाइड्रोजन, ईवी, फूड प्रोसेसिंग और सेमीकंडक्टर में निवेश की बड़ी योजनाओं पर भी काम कर रहा है।

> "आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने जिस समृद्ध आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना की है, उसकी राह उत्तर प्रदेश से होकर जाती है। भारत के इस हृदय स्थल में कृषि हो, फूड प्रोसेसिंग हो या फिर डेयरी, स्टार्ट अप, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेंट, रक्षा उत्पादन आदि, ऐसा कोई सेक्टर नहीं, जिसके लिए उत्तर प्रदेश में संभावनाएं न हों। हम अपने प्रदेश में निवेशकों को हर जरूरी संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं। इन संभावनाओं का लाभ लेने को उत्तर प्रदेश में उद्योग जगत का स्वागत है।
>
> **योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश**

### बिरला समूह करेगा कन्वेंशन सेन्टर की स्थापना

आदित्य बिरला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिरला ने नोएडा में एक कन्वेंशन सेंटर की स्थापना के लिए सरकार से सहयोग मांगा और कहा कि यह कन्वेंशन सेंटर दुनिया के बड़े कन्वेंशन सेंटर्स में से एक होगा। बिरला समूह ने यूपी की सेक्टोरल नीतियों की सराहना की और फूड प्रोसेसिंग, डेय्रा सेंटर, वेयरहाउसिंग व लॉजिस्टिक्स के साथ-साथ सोलर एनर्जी सेक्टर में निवेश पर सहमति जताई।

### टीबी मुक्त भारत अभियान से जुड़ा पिरामल एंटरप्राइजेज

पिरामल एंटरप्राइजेज के अजय पिरामल ने कहा कि कंपनी अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिए सतत प्रयत्नशील है। प्रधानमंत्री जी के टीबी मुक्त भारत के संकल्प से जुड़कर हम वाराणसी में खास अभियान चलाएंगे। उन्होंने फार्मा पार्क के विकास के लिए बड़े निवेश के संबंध में अपनी रुचि जताई।

### नैमिष धाम के विकास में सहयात्री होगा जिंदल ग्रुप

जेएसडब्ल्यू ग्रुप के एमडी सज्जन जिंदल ने पॉवर जनरेशन के लिए सोनभद्र में अत्याधुनिक तकनीक वाले पम्प स्टोरेज प्लांट की स्थापना, कानपुर में ईवी मैन्युफैक्चरिंग इकाई की स्थापना और एक नई पेंट इकाई लगाने पर चर्चा की। जिंदल ने कानपुर में एक मंदिर और नैमिष धाम के विकास में सहभागी बनने की इच्छा भी जाहिर की।

### हीरानन्दानी ने की यूपी की नीतियों की प्रशंसा

हीरानन्दानी समूह के मुखिया दर्शन हीरानन्दानी ने नई परियोजनाओं के लिए एमओयू करते हुए विदेशी पार्टनर के सहयोग से सेमीकंडक्टर निवेश की योजना पर चर्चा की। उधर 16 जिलों में गैस और लोअर डिस्ट्रीब्यूशन कर रहे टोरंट पॉवर के जिनल मेहता ने बताया कि कंपनी की अभी की परियोजना में 5000 रोजगार पैदा हुए हैं और इसमें 90 फीसदी लाभ स्थानीय युवाओं को मिला है।

वेदांता रिसोर्सेज के मुखिया अनिल अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश में काम करने को सौभाग्य बताते हुए कहा कि वेदांता नोएडा में इलेक्ट्रॉनिक्स और ईवी सेक्टर में रिसर्च एंड डिवेलपमेंट की बड़ी परियोजना लाने को तैयार हैं। यहाँ करीब 500 विदेशियों को भी नौकरी मिलेगी। इसके अलावा, मोबाइल व टैबलेट पर लगने वाले ग्लास के निर्माण के लिए गोरखपुर में ग्लास मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने की योजना है। इसके लिए कई कंपनियों के साथ मिलकर एक इको सिस्टम का विकास किया जाएगा।

### यहां से भी मिले प्रस्ताव

- गोदरेज समूह बाराबंकी में जल्द शुरू करेगा अपना पांचवां कारखाना।
- लोढ़ा ग्रुप अयोध्या, वाराणसी और गोरखपुर में आवासीय परियोजनाएं करेगा शुरू।
- रैमकी ग्रुप हैदराबाद की तर्ज पर यूपी में निजी फार्मा पार्क स्थापित करेगा। लखनऊ-कानपुर के बीच सेटेलाइट सिटी के विकास में भी सहयोग देगा।